तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 पुष्य नक्षत्र में अपेक्षा से कम हुई ग्राहकी व्यापारियों को अब ...





12 हाउसिंग बोर्ड ने तीन करोड़ से ज्यादा अटकाया...





## खबर संक्षेप

### पशु संगणना आज से

**बेमेतरा।** पशुधन क्षेत्र के विकास के लिए नीतियों, कार्यक्रमों इत्यादि योजना बनाने के लिए हर 05 वर्ष में भारत सरकार के निर्देशानुसार पशु संगणना की जाती है। वर्ष 2024 में 21 वीं पशु संगणना 25 अक्टूबर से प्रारम्भ की जा रही है। उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें जिला बेमेतरा डॉ. राजेन्द्र भगत ने बताया कि, पशु संगणना के लिए जिले में कुल 88 प्रगणकों एवं 19 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। वे आगामी 02 माह में जिले के पशुओं की 16 प्रजातियों की गणना करेंगे। उन्होंने कहा कि पशु संगणना कार्य पशुओं की उन्नति के लिए योजना बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी पशुपालक इस कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### पंचायत मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन, दावा-आपत्ति 29 तक

**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन ग्राम पंचायतों में 24 अक्टूबर 2024 को किया गया है। जिसका अवलोकन कर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, संशोधन या विलोपन कराने के लिए 29 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का प्रकाशन एवं दावा आपत्ति प्राप्त करने के लिए पंचायत सचिव एवं अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त किया गया है। ऐसे मतदाता, जो 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं तथा जिनका नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज है वे शेष पेज 12 पर

### जिले में शुरू हुई हरुना धान की कटाई, सरकार ने 14 नवंबर से खरीदी करने का लिया है निर्णय

# 3100 रुपए की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसान उत्साहित, कटाई में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

जिले में इस बार अपेक्षा के अनुरूप फसल का उत्पादन हुआ है और उस पर बढ़े हुए समर्थन मूल्य के साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की खुशी के बीच अंचल के किसानों में साफ दिखाई दे रही है। किसानों ने एक बार फिर पूरे उत्साह के साथ खेतों का रुख करते हुए अपने खून पसीने से सींची गई धान की फसल की कटाई शुरू कर दी है।

हालांकि अभी धान कटाई पूरी तरह जोर नहीं पकड़ा है। जिन किसानों ने पहले से ही धान की बुवाई कर दी थी और जिनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है, उन्होंने धान कटाई का श्री गणेश कर दिया है। गौरतलब हो कि इस बार धान की फसल अपेक्षा अनुरूप अच्छी बारिश होने के कारण जिले में धान की बंपर पैदावार हुई है।इसमें सोने पर सुहागा वाली बात यह है कि राज्य शासन ने अपने चुनावी घोषणा पत्र के मुताबिक धान का समर्थन मूल्य अंतर की राशि के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल रखा है, वहीं इस बार पूरी राशि एकमुश्त किसानों के खाते देने की बात कही है। इसके साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी किए जाने से किसानों के चेहरों पर खुशी देखी जा रही है। अंचल के किसानों ने बताया कि जिन किसानों ने अपने खेतों में पहले ही हाइब्रिड किस्म के धान की बुवाई की थी उनकी फसल पककर तैयार हो चुकी है और उन्होंने मौसम के बनते बिगड़ते मिजाज को देखते हुए अपनी फसल की कटाई भी शुरू कर दी। वहीं, किसानों की मानें तो जिन किसानों ने एचएमटी, सरना सहित दूसरे किस्म के धान की शेष पेज 12 पर

#### धान उत्पादक किसानों को इस बार ज्यादा लाभ

धान उत्पादक किसानों में जहां अच्छी फसल को लेकर खुशी देखी जा रही है वहीं उनमें इस बात को लेकर भी खुशी है कि वह इस बार न सिर्फ अपनी फसल को बड़े हुए समर्थन मूल्य पर बेच पाएंगे बल्कि ज्यादा मात्रा में भी बेच पाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य इस बार 14 नवंबर से प्रारंभ हो होगा। पूर्व वर्ष में 1 नवंबर से खरीदी प्रारंभ की गई थी। किसानों का भी कहना कि खरीदी 1 नवंबर से ही शुरू की जानी चाहिए।



#### कटाई के लिए दूसरे राज्यों से पहुंच रहे हार्वेस्टर वाले

यहां बताना लाजमी होगा कि पूरा देश इस बात से वाकिफ है कि छत्तीसगढ़ राज्य धान के उत्पादन में अग्रणी है। यहां के लगभग सभी जिलों में हर साल धान की बंपर पैदावार होती है, जिनमें बेमेतरा जिला भी शामिल है। यही वजह है कि हर साल धान की फसल तैयार होने के साथ ही पंजाब व हरियाणा सहित दूसरे राज्यों से कई लोग अपना हार्वेस्टर लेकर यहां पहुंच जाते हैं और प्रति एकड़ धान की कटाई की रकम तय कर अच्छी कमाई करते हैं। जिले के संपन्न व बड़े किसान भी मजदूर ढूंढने और उनका इंतजार करने के बजाय इन हार्वेस्टर संचालकों से ही धान की कटाई कम वक्त में और अच्छे ढंग से कर लेते हैं। बताया जा रहा है कि इस बार भी जिले में इस समय थोक के भाव में हार्वेस्टर संचालक पहुंचे हैं और धान की कटाई का काम कर रहे हैं और तलाश भी रहे हैं।

# कलेक्टर के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- श्री राम मंदिर की जमीन खरीदी-बिक्री का मामला

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम मंजगाव के राम मंदिर की जमीन खरीदी-बिक्री मामले में जारी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कांग्रेस ने कलेक्टर के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया है। बुधवार को कलेक्टर ने आंदोलन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मंजगाव के ग्रामीणों को चर्चा के लिए आमंत्रित किया।चर्चा के दौरान कांग्रेसियों तथा ग्रामवासियों ने कलेक्टर से खरीदी-बिक्री करने वालों पर कारवाई की मांग की। इस पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने राम मंदिर की जमीन खरीदी बिक्री के प्रकरण में कठोर कारवाई करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही प्रमुख पर्व दीपावली होने का हवाला देते हुए प्रदर्शन समाप्त करने पर जोर दिया। चर्चा के बाद 11 दिनों से चल रहे धरना-प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पार्षद मनोज शर्मा ने बताया कि कलेक्टर द्वारा जल्द ही पूरे प्रकरण में कठोर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद अनिश्चितकालीन प्रदर्शन को स्थगित किया गया है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि अगर कठोर शेष पेज 12 पर

# कन्या महाविद्यालय में मनाया गया संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस

**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शांति, सुरक्षा और सहयोग की शपथ दिलाई गई, और उन्होंने एक-दूसरे की कलाई पर सफेद रिबन बांधकर शांति स्थापना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के अति.व्याख्याता दीनानाथ सारथी ने संयुक्त राष्ट्र के इतिहास पर बात की।



उन्होंने बताया कि इसकी स्थापना 1945 में युद्धों को रोकने और शांति बनाए रखने के लिए की गई थी। डॉ. विमलेश कुमार ने संगठनों की महत्ता पर प्रकाश डाला, यह बताते हुए कि ये संगठन विश्वभर में शांति और सहयोग को बढ़ावा देते हैं।

प्राचार्य डॉ. विनिता गौतम ने कहा कि शांति और स्थिरता के लिए एकजुटता और आपसी सहयोग आवश्यक है। प्राचार्य ने युद्धों के कुप्रभावों पर भी बात की, यह बताते हुए कि युद्ध समाज में केवल तबाही और विभाजन लाते हैं। इसलिए, शांति स्थापना के लिए सहयोग की भावना और एकता को बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जीवन में शांति और सहयोग की भावना को अपनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411





## खबर संक्षेप



### छठ पूजा समिति ने चलाया सफाई अभियान

**रायपुर।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा आरंभ होने में कुछ ही दिन शेष रह गए उससे पूर्व छठ पूजा स्वच्छता समिति की टीम छठ व्यास तालाब वीरगांव में बुधवार से साफ सफाई अभियान में जुट गई है। भोजपुरी समाज के सचिव रंजय सिंह ने बताया कि छठ पूजा स्वच्छता समिति जगह-जगह जाकर तलावों की साफ सफाई करेगी, ताकि छठव्रती सुविधा अनुसार वह पूजा कर सकें और आने वाले सूर्यउपासक को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान में कुंदन यादव, राहुल साव, सुनील, गौतम शर्मा, सूरज साव, करण शर्मा, संजय मिश्रा, राधेश्याम यादव सहित अन्य सदस्यों शामिल थे।

### दिवाली मिलन समारोह में ब्राह्मण समाजसेवियों को किया सम्मानित

**रायपुर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे और समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज और समाजसेवियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। साथ ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान से राजेश शर्मा, जेपी शर्मा ,अशोक मिश्रा, संजय जोशी, सुमित शर्मा, गिरीश दुबे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किया। सम्मान पाने वालों में कन्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, सचिव सुरेश मिश्रा, पदाधिकारी, गौड ब्राह्मण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पदाधिकारी, सरयूपारीण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण अध्यक्ष विनय तिवारी व पदाधिकारी, उत्कल ब्राह्मण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपथी, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राह्मण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राह्मण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा आदि है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी काफी संख्या में शामिल हुए।

### दीपावली से पूर्व कर्मचारियों को 4 हजार श्रम सम्मान राशि देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश निगम मंडल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने दैनिक, आकस्मिक, संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर महासंघ के महासचिव डीएल चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार देने की घोषणा की गई थी, जिसके आधार पर राज्य के कर्मचारियों को 4 हजार रुपए श्रम सम्मान की राशि प्रदान की जा रही है, लेकिन छग प्रदेश के निगम, मंडल, आयोग प्राधिकरण अथवा स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारियों को आज तक 4 हजार श्रम सम्मान राशि प्रदान नहीं की जा रही है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**
**॥ ईश्तहार॥**

रा.प्र.क्रं. 202410230300034 /11 / अ-2 / वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्रवण अग्रवाल एवं अन्य 03 पिता रामकैलाश निवासी पिकरी तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर मोहभट्ठर प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 110/38 रकबा 0.614 हे. भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30.10.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

# हाउसिंग बोर्ड ने तीन करोड़ से ज्यादा अटकाया, रिमाइंडर के बाद निगम बंद करेगा जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में जोन-09 की सड्डु स्थित टंकी से पानी आपूर्ति की जाती है। करीब 10 साल पुरानी कॉलोनी में 600 मकानों में 4 लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई होता है, लेकिन निगम को नया जोन बनाने के बाद से जलप्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए निगम ने 06 महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड भेजा, लेकिन अभी तक पैसा नहीं मिलने से अब रिमाइंडर के बाद जल आपूर्ति बंद करने की तैयारी है।

राजधानी में लोग पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी रोज निगम को कोस रहे हैं।

## आयुक्त के निर्देश पर 6 महीने पहले भेजे गए डिमांड का नहीं मिला जवाब

### टैक्स फंसने की यह है वजह

परसुलीडीह कॉलोनी से विगत 4 साल से जल कर का निगम को भुगतान नहीं मिल रहा है, क्योंकि कराए गए परिसीमन के बाद जोन-2 व जोन -3 के 7 वार्डों को अलग करके करीब 5 साल पहले नए जोन-9 में शामिल किया गया। जोन को हाउसिंग बोर्ड से जल कर नहीं मिलने की पुष्टि 6 महीने पहले हुई। तब कॉलोनी से जलप्रदाय का तीन करोड़ से भी ज्यादा का टैक्स लेने आकलन के बाद डिमांड भेजा गया। इसके बाद भी हाउसिंग बोर्ड ने जल कर नहीं दिया है। इसे देखते हुए अब रिमाइंडर और उसके बाद आपूर्ति बंद करने की चेतावनी देने की तैयारी है।




### बंद की जाएगी जल आपूर्ति

जिस मामले की बात कर रहे हैं, उसमें कई महीने पहले तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा गया है। रिमाइंडर के साथ भुगतान के लिए अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी भुगतान नहीं होने पर जल आपूर्ति बंद करेंगे।

*- संतोष कुमार पांडेय*
*आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर*

इनमें सड्डु, मोवा, दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल हैं।

वहीं दूसरी तरफ विधानसभा व महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। इसके बाहर परसुलीडीह कॉलोनी में जोन की सड्डु पानी टंकी से आपूर्ति किए जाने और नया जोन बनने के बाद से हाउसिंग बोर्ड से जलप्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिलने की पोल 7 महीने पहले खुली। जोन आयुक्त ने मामले की जांच करवाने के बाद तीन करोड़ से ज्यादा का डिमांड हाउसिंग बोर्ड को भेजा। इसके बाद भी भुगतान अटका है। डिमांड का कोई जवाब नहीं मिलने से निगम ने मामले में रिमाइंडर देने के बाद जल आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया है।

## आयोजन

**समाधान महाविद्यालय में किया गया मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन**

# मिलेट्स के व्यंजन स्वास्थ्य के लिए लाभदायक : डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बेमेतरा जिले के शासकीय पं.जवाहरलाल नेहरू कॉलेज कला एवं विज्ञान विभाग की प्रभारी प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी व वाणिज्य संकाय सहायक प्राध्यापिका श्वेता साहू, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम व अंग्रेजी विभाग की सहा. प्राध्यापिका डॉ. मेघा तिवारी, जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं राजकुमार वर्मा निर्णायक के रूप में रहे। इन सभी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता,टीमवर्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स के व्यंजन पौष्टिकता से परिपूर्ण है। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह स्थायी और स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने में भी मदद करता हैं। इससे वे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर एक स्वस्थ भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

निर्णायकों ने स्वाद, सजावट एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया। फूड फेस्टिवल में स्टालों का नाम भारत की वीरांगनाओं जैसे-रानी लक्ष्मीबाई, अवन्ती बाई, सरोजनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, प्रतिभा पाटिल, सावित्रीबाई फुले, लक्ष्मी सहगल, कमला देवी चट्टोपाध्याय, दुर्गा भाभी, कस्तूरबा गांधी, अहिल्याबाई होलकर, रानीवेलू नचियार पर रखा गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने स्टॉल की व्यंजनों की विशेषता, बनाने की विधि एवं पौष्टिकता के बारे में विस्तार से बताया। इन व्यंजनों में प्रमुख व्यंजन में प्रमुख व्यंजन अनाजों से खिचड़ी, खीर, अप्पे, चैसेला, पुलाव, इडली व फरा बनाए गए थे। इसके अलावा अंकुरित चना व मूंगफली, गुपचुप, भेल, चाइनीस पकोड़ा, चाय, सलाद व शरबत भी बनाया गया।

### इन्होंने मारी बाजी

अतिथियों ने सभी स्टालों के व्यंजनों का सजावट का अवलोकन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान की घोषणा की। अवंती बाई ग्रुप में आईटीआई कोपा से ज्ञानदास चतुर्वेदी, महेश्वर साहू, लोकेश साहू व ढारेंद्र वर्मा प्रथम, सावित्रीबाई फुले ग्रुप से बीएड तृतीय सेमेस्टर से गौरी वर्मा, रोहिणी नेताम, पूजा साहू, प्रांजल पांडेय, टिकेंद्र देवांगन व वेदप्रकाश राजपूत द्वितीय तथा अहिल्याबाई होल्कर ग्रुप में बीएड प्रथम सेमेस्टर से रानू कुंजाम, लक्ष्मीजय साहू, नवराज ध्रुवे, पार्वती ध्रुव व मानसी नेम तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को ई- सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

### ज्वाय ऑफ गिविंग की हुई शुरुआत

इस उपलक्ष्य में दीपावली पर्व एवं सस्टेनेबल डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय में ज्वाय ऑफ गिविंग के रूप में नई शुरुआत की गई। इसके तहत विद्यार्थी व शिक्षक कपड़े, कंबल, स्टेशनरी एवं अन्य घरेलू सामग्री को लेकर आए। इन सामानों को जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाएगा। मंच का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका स्वीटी मालिक ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी तथा महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक डॉ.जी.डी. मानिकपुरी, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, नंदनी वर्मा सहित सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भतीजे का खिलौना टूटने से नाराज युवक ने की बच्चे की बेदम पिटाई, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



भतीजे के खिलौने को तोड़ने की सजा देने आरोपी ने 6 साल के मासूम बच्चे की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि मासूम बच्चा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। घायल बच्चा कुछ बोल नहीं पा रहा है, हालांकि अर्जुन्दा पुलिस ने मासूम बच्चे के पड़ोसी मुकेश साहू 29 साल को बच्चे पर प्राणघातक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बच्चों के आपसी विवाद से जुड़ा हुआ है। बताते हैं कि लिकेश साहू से आरोपी मुकेश साहू के भतीजे का खिलौना टूट गया था। इससे आरोपी मुकेश इतना गुस्सा हो गया कि मासूम लिकेश की हत्या करने की नीयत से उसे घर से दूर सुनसान जगह पर ले जाकर बेदम पिटाई की। इससे 6 साल का मासूम बच्चा बुरी तरह घायल होने के बाद बेहोश हो गया। बच्चे के बेहोश हो जाने पर आरोपी मुकेश ने उसे मृत समझकर उसे झाड़ियों के बीच ही छोड़ दिया। ग्रामीणों ने खोजबीन के दौरान बच्चे को झाड़ियों के बीच पड़ा देखा और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायल बच्चे का इलाज भिलाई में चल रहा है। इस बीच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### विधायक कुंवरसिंह ने बच्चे के परिजनों से की मुलाकात

**गुण्डरदेही।** ग्राम देवसरा में एक नाबालिग लड़के के गले में धारदार हाथियार से हमला कर फेंक दिया था, जिसे इलाज के लिए भिलाई के अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बच्चे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से चर्चा कर बच्चे के बेहतर इलाज के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही बच्चे पर हमला करने वाले अज्ञात आरोपी की खोजबीन करवाकर उचित कानूनी कार्रवाई कराने व उचित न्याय दिलाने की बात कही। अस्पताल में मुलाकात के दौरान विधायक के साथ उनकी धर्मपत्नी दंतेश्वरी निषाद भी थीं। विधायक ने बेहतर इलाज के लिए वहां के डाक्टरों से चर्चा की।

# 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर का पाइप डेमेज, नया हैडर बनाकर किया कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- **10 टंकियां रहीं प्रभावित, सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला मरम्मत का काम**

इंटवेल स्थित 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी लीकेज की समस्या आ रही थी, जिसे देखते हुए नए हैडर लगाकर इंटर कनेक्शन कार्य बुधवार को किया गया। मरम्मत कार्य के कारण बुधवार शाम शहर की 10 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। जल विभाग ने फिल्टर प्लांट की सफाई का काम भी इस दौरान पूरा किया। गुरुवार सुबह संबंधित पानी टंकियों में नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी।

नगर निगम के जल विभाग द्वारा बुधवार को सुबह शहर की 43 नई पुरानी पानी टंकियों में नियमित जल प्रदाय के बाद 80 एमएलडी प्लांट के पुराने व क्षतिग्रस्त इंटेकवेल हैडर को बदलने का कार्य कराया। 23 साल पुराने हैडर का पाइप लाइन डेमेज होने से पानी लीकेज की समस्या रही। त्योहारी सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले सकती थी, जिसे ध्यान में रखते हुए जल विभाग ने समय रहते नया हैडर बनाकर इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा किया। इससे बुधवार शाम 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 10 पानी टंकियां प्रभावित रहीं। इनमें ओवरहेड टैंक डगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी की पुरानी पानी टंकी और श्याम नगर पानी टंकी शामिल है, जबकि 36 पानी टंकियों में जल आपूर्ति यथावत रही।



### सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला कार्य

80 एमएलडी प्लांट का पुराने हैडर डेमेज होने के बाद पानी लीकेज की समस्या को दूर करने विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में नए हैडर का इंटर कनेक्शन का कार्य कराया गया। इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन सहित तकनीकी जानकार की टीम शामिल रही। बुधवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मरम्मत का काम दोपहर 1 बजे पूरा हुआ। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया, पुराने हैडर की 23 साल पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलना बहुत जरूरी था, यह काम काफी कठिन रहा फिर भी हमारी टीम ने दोपहर 1 बजे तक अपने काम को पूरा कर लिया। गुरुवार सुबह से नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी।

### राष्ट्रपति का आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति 25 और 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का माना विमानतल आगमन होगा। माना विमानतल से सड़क मार्ग के जरिए सीधे एम्स हॉस्पिटल ऑडिटोरियम के लिए रवाना होंगी। माना विमानतल से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक होते हुए तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे पहुंचेंगी। वहां से होते हुए द्रौपदी मुर्मू एम्स हास्पिटल गेट नंबर 5 से प्रवेश कर एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम स्थल सुबह 11:30 बजे पहुंचेंगी। एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम के बाद दोपहर 1 बजे राजभवन पहुंचेंगी। दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर राष्ट्रपति डीडीयू आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर पहुंचेंगी। शाम पांच बजकर पांच मिनट पर मुक्तांगन संध्या पहुंचेंगी।

### दस्तावेज लेखक-स्टांप वेंडर संघ की रायपुर ईकाई में दो फाड़

**रायपुर।** अपनी मांगों को लेकर अनिश्चतकालीन हड़ताल कर रहे छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ की रायपुर ईकाई में दो फाड़ होते दिखाई दे रहा है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान रायपुर तहसील परिसर में ज्यादातर लेखक एवं स्टांप वेंडरों ने हड़ताल के समर्थन में अपनी दुकानें बंद रखीं, वहीं बहुतों की दुकानें खुली भी रहीं। इन खुली दुकानों में दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर तहसील में आने वाले लोगों का काम भी करते रहे। इस मामले में दुकानें बंद रखने वालों में कुछ वेंडरों से हरिभूमि ने बातचीत की, तो पता चला कि जो दुकाने खुली हैं, वे हड़ताल के समर्थन में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ जिला इकाई के आव्हान पर दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता संघ पिछले कुछ दिनों से अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इस हड़ताल का असर तहसील कार्यालय से लेकर पंजीयन विभाग के दफ्तर में भी दिखने लगा है।







### दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों का करें प्रचार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन प्रमुखों द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संदर्भ में एक आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई। बैठक में विशेष रूप से रायपुर दक्षिण विधानसभा में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक, शक्तिकेंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक अपेक्षित थे। साथ ही इसी प्रकार जिला एवं मंडलों के भी सभी पदाधिकारी अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि लगभग 33 वर्षों तक भाजपा का अभेद्य किला है रायपुर दक्षिण और इसे सदैव अपना मजबूत गढ़ बनाए रखना आपकी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इस बार भी सिर्फ चुनाव जीतना हमारा आपका लक्ष्य नहीं होना चाहिए, अपितु बड़ी मार्जिन की जीत का रिकॉर्ड हासिल करना प्रमुख लक्ष्य है।

पेज 11 के शेष

### पंचायत मतदाता सूची का हुआ ...

पंचायत की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए, प्रविष्टि में संशोधन या विलोपन कराने के लिए प्राधिकृत कर्मचारी को प्ररूप क, ख व ग में आवेदन दे सकते हैं। प्ररूप क, ख, ग जमा करने के लिए अंतिम तिथि 29 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। ऐसे मतदाता जिनके नाम विधानसभा की मतदाता सूची में 04 नवम्बर तक जोड़े जायेंगे वे भी प्रारूप क-1 में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण को प्रस्तुत कर सकते है। प्रारूप क-1 में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 नवम्बर है।

### 3100 रुपए की दर ...

बुवाई की है, उन्हें अभी कुछ दिनों का और इंतजार करना पड़ेगा। किसानों ने यह भी बताया कि पतले किस्म का धान नवंबर माह के मध्य में काटने लायक हो जाएगा। वहीं लेट से बोई गई हाइब्रिड किस्म की धान की फसल भी पककर तैयार हो चुकी है, इसकी कटाई भी शुरू कर दी गई है।

### कलेक्टर के आश्वासन ...

कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। : आंदोलन स्थल में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, जोगेंदर छाबड़ा, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रेहाना रवानी, राम ठाकुर, जया साहू, प्रशांत तिवारी, रुबी सलूजा, नंद कुमार साहू, भुवन साहू, महेन्द्र साहू, दुर्गा साहू, शत्रुहन साहू, बलवंत साहू, सीताराम यद्धु, नारायण छाबड़ा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


Kamal Jevellers
कमल ज्वेलर्स
सोना, चाँदी, राशिरल एवं चाँदी व सोने के गिफ़्ट फ्रेम
हर उत्सव के लिए सबसे
खास आभूषण।
प्रत्येक वर्ष की तरह
इस दिवाली में भी प्रत्येक खरीदी में गिफ़्ट
सिल्वर ज्वेलरी में किसी भी प्रकार की मज़दूरी नहीं
अब स्वयं सोने का भाव कैरेट के हिसाब से खुद ही निकले
22 कैरेट - वर्तमान 24 कैरेट का भाव x 92 =
20 कैरेट - वर्तमान 24 कैरेट का भाव x 62 =
कमल ज्वेलर्स
रोजाना सोने व चाँदी के भाव के लिए हमें व्हाट्सऐप करें हमारा नंबर 8871666437
व ज्वेलरी डिज़ाइन देखने के लिए हमारे इंस्टाग्राम कमल ज्वैलर्स बेमेतरा को फॉलो करें।
माहेश्वरी कॉम्प्लेक्स, सदर रोड, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### परख सर्वे के लिए निरंतर अभ्यास कर रहे बच्चे

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ के बच्चों को परख सर्वे की तैयारी और अभ्यास नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा द्वारा कराई जा रही है। जिसमें बच्चों को बताया की प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। जिसमें आपको प्रश्नों को पढ़कर अच्छी तरह समझ कर उत्तर में निशान लगाएंगे। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया आपको केवल प्रश्न पत्र पर ही निशान नहीं लगाना है, उत्तर पुस्तिका में ओएमआर सीट में संबंधित प्रश्नों के उत्तर वाले गोले को पुरा काला या नीला भरना भी है। परीक्षा ओएमआर सीट के माध्यम से होगी। आज नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा बच्चों को ओएमआर कैसे भरना है, बच्चों से अभ्यास करा रही है। बच्चे भी उत्सुकता से विभिन्न प्रश्नों के द्वारा अपनी शंका का समाधान प्राप्त कर रहे थे। यह सर्वे प्राथमिक शाला में कक्षा 3 के विद्यार्थी का होगा। जिसमें हिंदी, गणित एवम पर्यावरण विषय के प्रश्न शामिल होंगे। बच्चें बहुत उत्सुकता से प्रश्नों को समझ कर उत्तर देने का प्रयास कर रहे हैं। शाला में पूरे समय बच्चे बेहद व्यस्त रहे। साथ ही प्रधान पाठिका आशा कुजूर ने बच्चों को इसी तरह निरंतर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

### मेधावी छात्र परीक्षा में सशिमं की डालिनी को मिला तीसरा स्थान

**बालोद/कलंगपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर की कक्षा सप्तम की छात्र बहन डालिनी साहू पिता लालाराम साहू ने छत्तीसगढ़ प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें 20 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित सेंदरी कोनी में सम्मान समारोह के दौरान प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे सुधीर साहू, प्रतापचंद जैन, डोंगरमल जैन, बिरेन्द्र कुंवर, सुफल साहू, सुखचरण कुल्हारे, टेकनारायण मंडावी, ओमप्रकाश साहू, निर्मल जी सहित विद्यालय के सभी आचार्यगण व सभी दीदी ने हर्ष व्यक्त किया।

### डॉ. खंडूजा के खिलाफ दो दर्जन निवेशक पहुंचे थाने

**भिलाई।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनमोहन खंडूजा के मामले में बुधवार को दो दर्जन लोग पुलिस में शिकायत करने पहुचे थे। आरोपी डॉ खंडूजा 19.14 करोड़ रुपए के ठगी मामले में जेल में है।
मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. खंडूजा पर एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की ठगी का नया मामले सामने आया है।
शिकायतकर्ताओं का कहना था कि आरोपी डॉक्टर ने अपने उन्हें फंसाने के लिए एजेंट तैयार कर रखे थे। वे प्रतिमाह बीएसपी से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों की लिस्ट निकालकर उन्हें निवेश का झांसे में फंसाने उनके घर आते थे। जब कोई झांसे में आकर पैसा नहीं दे देता था। तब तक उनके घर लगातार आया करते थे। जब आरोपी डॉक्टर के पास रकम कई करोड़ पहुंच गई तो उसने पैसा देना बंद कर दिया।
लेकिन निवेश करने वालों को इसके पूर्व रकम दी भी गई थी। तीन से चार वर्ष तक के बाद जब लोगों को रकम नहीं मिला तो वर्ष 2018 जनसमूह उसे पकड़कर स्मृति नगर चौकी लाई। तब 304 लोगों के साथ लिखित में रकम वापसी का आरोपी ने एग्रीमेंट किया था। पुलिस चौकी पहुची शारदा प्रसाद सिंह के मुताबिक सेवानिवृत्त के पैसे राधिका नगर में घर खरीदा।

**पर्व : जिला मुख्यालय में बाजार पर नहीं दिखा शुभ मुहूर्त का खास असर**

# पुष्य नक्षत्र में अपेक्षा से कम हुई ग्राहकी व्यापारियों को अब धनतेरस से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



पुष्य नक्षत्र में इलाके के सबसे बड़े मार्केट में भीड़ नहीं दिखी, अलबत्ता कुछ चुनिंदे ज्वेलरी शॉप में ग्राहकी जरूर दिखी। व्यापारियों को जिस तरह की उम्मीद पुष्य नक्षत्र में थी, वैसी ग्राहकी नजर नहीं आई। गुरुवार को सदर बाजार में व्यापारियों ने सुबह जब दुकान खोली तो उन्हें उम्मीद थी कि आज अच्छी ग्राहकी होगी। सुबह-सुबह आशा की किरण नजर आई थी, परंतु दोपहर होते तक बाजार में हल्की-फुल्की ग्राहकी रही। दोपहर बाद खास तौर से ज्वेलरी शॉप, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक, बर्तन और कपड़ा दुकानों में लोगों ने इस मुहूर्त में खरीदारी की। इसके पीछे यह भी माना जा रहा है कि पिछले सप्ताह भर से धान कटाई के कारण मार्केट नहीं पकड़ पाया है। हालांकि बाजारों में आवश्यकता वाली सामग्री खरीदने आम जनों की भीड़ अवश्य है।

बता दें कि जब तक किसानों और सरकारी अधिकारी कर्मचारियों के हाथ में पैसे नहीं आ जाते, तब तक बाजार ऐसे ही सुना रहेगा। धनतेरस पर्व से 5 दिनों का दीपोत्सव प्रारंभ हो रहा है। पूरा बाजार सज कर तैयार है कुछ नामी व्यापारियों को छोड़ दें, तो शेष दुकानों में अब भी ग्राहकी के अभाव में दुकानदार खाली बैठे हैं। दीपावली जैसे प्रमुख बड़े त्यौहार जो किसानों और हर वर्ग के लिए खास मायने रखता है। फसल इस बार बहुत अच्छी है अधिकांश गांव में कटाई शुरू हो गई है। इधर अब आने वाले दिनों में व्यापारियों को धनतेरस और लक्ष्मी पूजा में अच्छी ग्राहकी का भरोसा है। हालांकि सबसे बड़ा पर्व होने के चलते हर कोई कहीं ना कहीं किसी भी स्थिति या परिस्थिति में अपनी व्यवस्था कर त्यौहार को खुशहाली पूर्वक मानने जमकर खरीदी करते हैं। तब व्यापारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं रहेगी। शहर के ज्वेलर्स संचालक दुलीचंद चांडक ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में जिस तरह से उम्मीद थी, वैसा नहीं रहा, लेकिन ग्राहकों की भीड़ संतोषप्रद रही। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में सोने-चांदी की कीमतों में जहां तेजी आना है, वहीं अन्य सामानों की भी महंगाई बढ़ गई है, जिससे भी आमजन भारी सामानों में कटौती कर रहे हैं ।

### ज्वेलरी शॉप में बड़ी तैयारी, गहनों की भरपूर रेंज

इस बार तो यहां के ज्वेलरी शॉप वाले संचालक एक से एक बढ़कर नई-नई डिजाइनों के फैंसी आइटम भरपूर स्टॉक में लाकर रखे हुए हैं। कुछ ज्वेलरी शॉप के संचालकों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि उनकी दुकान में इस बार एक से बढ़कर एक आइटम भरपूर स्टॉक में है। नई डिजाइन के अंगूठी, हार, झुमका, ईयर रिंग, टॉप्स, मंगलसूत्र, पायल, पायजेब सहित महिलाओं के हर प्रकार के गहने विशेष तौर पर उपलब्ध हैं। सर्राफा व्यवसाईयों का कहना है कि धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों की चहल-पहल और खरीदारी अच्छी होने की उम्मीद है। लोग शॉपिंग के लिए बाजार पहुंचेंगे। दुकानदारों ने अपनी दुकान की परंपरागत तरीके से आकर्षक ढंग से साज सज्जा कर रखी है। सराफा बाजार में ग्राहकों के लिए खास तैयारी की गई है।

### धनतेरस के लिए मात्र 3 दिन शेष, दीपावली 5 दिन बाद

धनतेरस के लिए मात्र अब 3 दिन और दीपावली के लिए 5 दिन का समय शेष रह गया है। इसके बावजूद इस बार अभी तक दिवाली बाजार जोर नहीं पकड़ सका है। उम्मीद है कि अब इधर बाजार में रौनक आएगी। आसपास के सैकड़ों गांव के लोगों के लिए बेमेतरा का बाजार काफी मशहूर माना जाता है। दीपावली में खरीदी करने यहां लोग पहुंचते हैं, भीड़ इस कदर रहती है कि मेले की तरह नजर आती है। कमोबेश सोने चांदी के दुकान, कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रॉनिक, फर्नीचर ,बर्तन, फैंसी दुकान भीड़ से आबाद रहता है।

## संडी के विद्यार्थियों को सिखाया जा रहा है ओएमआर सीट भरना



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला समीपस्थ ग्राम सण्डी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में पदस्थ शिक्षक ओमनारायण साहू परख सर्वे के अंतर्गत कक्षा छठवीं के बच्चों का ओएमआर सीट पर नियमित रूप से अभ्यास कराया जा रहा है। बच्चों को ओएमआर सीट पर अंकित जानकारी कैसे भरना है। जैसे जन्मतिथि, आधार नंबर, कैटेगरी, एरिया कोड इत्यादि की जानकारी एवम प्रश्नों के उत्तर ओएमआर सीट पर गोल घेरे को सही तरीका से पूर्ण करना। प्रधान पाठक पी डी महिलांग ने बताया कि ओएमआर सीट में अभ्यास कराना वास्तव में बच्चों के लिए एक नया अनुभव है। इस अनुभव से बच्चों में दूरगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लाभकारी सिद्ध होगा। संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा ने बताया शिक्षक ओमनारायण साहू प्रत्येक बच्चों को नियमित रूप से गणित एवम अंग्रेजी के सवालों का अभ्यास करा रहे हैं। बच्चे इसमें रुचिपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### पूर्व विधायकों की स्मृति में सम्मान समारोह आज

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय में नगर अभिनंदन सम्मान समिति द्वारा 25 अक्टूबर को क्षेत्र के पूर्व विधायकों की स्मृति में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से नगर के माहेश्वरी समाज के भवन में रखा गया है। समिति के मीडिया प्रभारी लेखमणी पाण्डेय ने बताया कि बेमेतरा विधानसभा के पूर्व विधायकों के स्मृति में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला रायपुर के प्रमुख ब्रम्हचारी डॉ इंदूभवानंद होंगे, अध्यक्षता प्रख्यात भाषाविद डॉक्टर चितरंजन कर करेंगे।

## पीएम श्री सेजेस देवकर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय रेडक्रॉस शिविर में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवकर



नगर में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय रेडक्रॉस शिविर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में भाग लिया। यह शिविर 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित हुआ। इस शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों से छात्र–छात्राएं सम्मिलित हुए।

बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए पीएम श्री सेजेस देवकर से रेडक्रॉस काउंसलर व्यायाम शिक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में छात्र आदित्य साहू कक्षा 11 वीं , योगेश सिन्हा कक्षा 12 वीं, झरना साहू कक्षा 11वीं एवं गायत्री साहू कक्षा 12 वीं ने शिविर में सम्मिलित हुए। इस पांच दिवसीय शिविर में प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य जांच, मानव सेवा तथा जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रशिक्षण तथा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता जैसे रंगोली, लोकगीत, प्रदर्शनी, मार्च पास्ट, प्रश्नोत्तरी, एडवेंचर खेल तथा लोकनृत्य आयोजित किया गया। बेमेतरा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व कर रही विद्यालय की छात्रा झरना साहू व साथी ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र को गौरांवित किया। इस शिविर के अंतिम दिवस समापन समारोह में राज्य के राज्यपाल रमेन डेका के साथ विद्यालय के छात्र योगेश सिन्हा को लंच करने का अवसर मिला। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार डहाले ने कहा कि हमारा विद्यालय छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के साथ विभिन्न गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं तथा उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उपलब्धि पर बधाई दी।

## विधायक दीपेश बने पहले सक्रिय सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- विधायक दीपेश ने बनाए 10 हजार से ज्यादा सदस्य



भाजपा शहर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बेसिक स्कूल मैदान स्थित गांधी भवन में विधायक दीपेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा की अगुवाई में प्राथमिक सदस्यता के पश्चात सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा जिले के विभिन्न मंडलों में भी सक्रिय सदस्यता अभियान वरिष्ठ भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों की उपस्थित में चलाया गया। इसके पहले भाजपा संगठन ने प्राथमिक सदस्यता अभियान पूरे एक माह से अधिक चला कर आमजनों को पार्टी से जोड़ा गया। अभियान में हर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाने लक्ष्य भी दिया गया था। उसी के अनुरूप लक्ष्य प्राप्त करने वाले भाजपा कार्यकर्ता को सक्रिय सदस्यता दी गई। सक्रिय सदस्यता अभियान के दौरान विधायक दिपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली, रीना साहू, निशा चौबे, पंचू साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक दीपेश ने बनाए 10 हजार से ज्यादा सदस्य

बता दें कि विधायक दीपेश साहू को प्रदेश संगठन ने 10 हजार सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया था।श्री साहू ने 10 हजार से अधिक लोगों को सदस्य बना कर अपना लक्ष्य पूरा किए। शहर मंडल के सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रभारी विजय सिन्हा ने बताया कि 10 हजार सदस्य के दिए गए लक्ष्य अधिक पार करने वाले विधायक दीपेश साहू को सक्रिय सदस्य बनाकर अभियान की शुरुआत की गई। गुरुवार लगभग 70 कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता ग्रहण किए, प्रत्येक मंडल में 200 सो सक्रिय सदस्य बनाना है। यह सदस्यता अभियान एक सप्ताह तक जारी रहेगा।

## पीएम श्री स्कूलों के लिए हुए विविध कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

- विकासखण्ड स्रोत केन्द्र, बेमेतरा में हुआ जिलास्तरीय कार्यक्रम




जिले में पीएम श्री स्कूलों के विकास और छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के लिए गुरूवार को विकासखण्ड स्रोत केन्द्र, बेमेतरा प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार प्रमुख गतिविधियों को शामिल किया गया, जिनमें जिले के 38 होनहार छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों की शैक्षणिक क्षमताओं को बढ़ावा देना था, बल्कि उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए एक समग्र मंच प्रदान करना था। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपनी क्षमताओं को निखारा। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षकों और विकासखण्ड स्रोत केन्द्र के सहयोग से किया गया,जिसमें छात्रों नेरचनात्मकता, नेतृत्व और टीम वर्क के महत्व को समझा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, डाइट प्राचार्य जेके धृतलहरे, बीईओ अरूण कुमार खरे, बीआरसी राजेन्द्र कुमार साहू एवं लेखापाल जगदम्बा सिंह उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम नरेन्द्र कुमार वर्मा जिला मिशन समन्वयक, भूपेन्द्र कुमार साहू एपीसी के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का किया गया सम्मान

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो दिये । विद्या वैभव में प्रथम स्थान गीतांजली, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला घोटवानी, द्वितीय स्थान कुमकुम पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सरदा, मंथन मंडल में प्रथम स्थान आयुष वर्मा पीएमश्री शासकीय प्राथमिक अभयास शाला बेमेतरा, द्वितीय स्थान कुणाल पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सरदा, डिजीटल क्वेस्ट में प्रथम स्थान शिवम साहू पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला अमोरा एवं द्वितीय स्थान पूनम साहू अमोरा, डिस्कवर एंड लर्न लोकल साईट्स में प्रथम स्थान दुर्गेश्वरी साहू, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला अमोरा एवं द्वितीय स्थान धनेश्वर साहू पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला उघरा रहे। समस्त विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा शिल्ड से सम्मानित किया गया।

## हमें मानव जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाना है



**बेमेतरा।** सुसाइड फ्री यूनिवर्स अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने रानी अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी में आत्महत्या मुक्त विश्व पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में कॉलेज के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कन्नौजे सहित समस्त स्टॉफ तथा लगभग 250 छात्र छात्राएं उपस्थित थे। शिक्षिका प्रतीक जैन ने आत्महत्या के संदर्भ में बहुत ही सारगर्भित बातें बताई।

दोनों ही पक्षों से महत्वपूर्ण पहलू सामने आए। शिक्षिका ने इस अभियान के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि श्री शान्त क्रांति जैन श्रावक संघ के आचार्य सम्राट श्री विजय राज जी महाराज साहब ने लगभग दो साल पहले आत्महत्या मुक्त हो देश विदेश की प्रेरणा देते हुए इस अभियान को प्रारंभ किया था। इसका मुख्य और एकमात्र उद्देश्य कि लोगों में आत्मविश्वास बढ़े और अवसाद डिप्रेशन में आकर कोई व्यक्ति कमजोर ना पड़े। यह अभियान प्राणीमात्र के लिए है। शिक्षिका ने कहा कि हमें मानव जीवन को व्यर्थ नहीं गंवाना है। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, बस हमें अपनी हिम्मत और मेहनत के साथ डटे रहना है। उन्होंने बच्चों को आत्महत्या नहीं करने का संकल्प दिलाया। बता दें कि यह अभियान 10 सितंबर 2022 को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर बीकानेर से प्रारंभ किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कन्नौजे ने कहा कि आत्महत्या बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। इसे समाज में जागरूकता लाकर ही दूर किया जा सकता है। अभियान समिति के राष्ट्रीय संयोजक बछराज लूणावत तथा छत्तीसगढ़ संयोजक महावीर संचेती के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है।

**गांवों को स्वच्छ व सुन्दर बनाने तैयार की गई कार्य योजना**

# ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर किया जाएगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

विकासखंड में स्वच्छता अभियान अब नये स्वरूप में नजर आएगा। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने स्वच्छाग्रहियों के साथ अब मैदानी अमलों, रोजगार सहायकों तथा एसबीएम के कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर प्रत्येक गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने कार्य योजना तैयार की है। सर्वप्रथम स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक, स्वच्छाग्रही समूह, जनपद पंचायत के मैदानी अमला, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर उस स्थान की साफ सफाई कराने में जुट जाएंगे।

दीपावली का पर्व सामने है हर व्यक्ति अपने घर का कोना कोना साफ सफाई करने में जुटे हुए हैं, परंतु अधिकतर लोग कचरे को घर से बाहर कहीं भी फेंक देते हैं। एक जगह कोई कचरा फेंक दिया तो इस स्थान में सभी कचरा फेंकना शुरू कर देते हैं, जिससे वह स्थान ब्लैक स्पॉट के रूप में तब्दील हो जाता है। अब उस ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बनाने सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने एक नई कार्य योजना तैयार की है। ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा व जनपद पंचायत के मैदानी अमला तकनीकी सहायक अजय साहू, नितेश साहू, मनीष आरडे, जितेंद्र नाग, ढालेंद्र चंद्राकर, सतीश खरांशु, रवि प्रकाश गंजीर, हेमशंकर साहू , नवीन ठाकुर, पीयूष तारम ने ग्राम पंचायतों का भ्रमण करना शुरू कर दिया है। ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बनाने ग्रामीणों से चौपाल कर श्रमदान करने प्रेरित किया जाएगा। जिसमें सीईओ रोशनी भगत टोप्पो स्वयं कमान संभालेंगी। गांव को लंबे समय तक स्वच्छ व सुंदर बनाकर रखना यह चुनौती पूर्ण कार्य है। मगर हर व्यक्ति ठान ले मोर कचरा मोर जिम्मेदारी तो गांव को हमेशा स्वच्छ और सुंदर बनने से कोई नहीं रोक सकता। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाई जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम दिख रहा है, लेकिन अब ब्लैक स्पॉट को भी स्वच्छ व सुंदर बनाने नई कार्य योजना तैयार कर ली गई है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के पूर्व ब्लैक स्पॉट को भी ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छ व सुंदर बना लिया जायेगा।



### उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में हो रहा है कार्य

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला सीईओ डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम शिवनाथ बघेल के दिशा निर्देश व सीईओ रोशनी भगत टोप्पो के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। कार्य में स्वच्छाग्रहियों के साथ ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है। बहुत ही जल्दी ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बना लिया जाएगा। उस स्थान का सौंदर्यीकरण करने ग्रामीणों के साथ चौपाल करने की योजना बनी है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411